समाचार

सी.एस.ई.बी.चौक के समीप स्थित ट्रगलनुमा स्थल का कायाकल्प कर दिया गया यूथ जोन गार्डन का स्वरूप

(निगम द्वारा केन्द्रीय भण्डारगृह व सी.एस.ई.बी.चौक के बीच स्थित ट्रगल का किया गया कायाकल्प)

रविकुमार जायसवाल

रामकुमार साहू

हरजीत सिंह राणा

कोरबा 20 दिसम्बर 2024 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सी.एस.ई.बी. चौक व केन्द्रीय भण्डारगृह के बीच उपेक्षित पड़े ट्रगल स्थल का कायाकल्प कर उसे यूथ जोन गार्डन का स्वरूप दिया गया है, इसके साथ ही सामने स्थित सी.एस.ई.बी.फुटबाल मैदान की बाउण्ड्रीवाल पर थीम आधारित सुंदर चित्रकारी भी की गई है, इसके परिणाम स्वरूप सी.एस.ई.बी. चौक क्षेत्र की सुंदरता बढ़ी है तथा वहॉ से गुजरने वाले लोगों को एक सुखद एहसास का अनुभव होता है।

शहर की स्वच्छता, साफ–सफाई व शहर के सौदंर्यीकरण में विशेष रूचि रखने वाले कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं नवपदस्थ आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम ने शहर सौदंर्यीकरण की दिशा में धरातलीय स्तर पर ठोस कार्यवाही को अंजाम देना प्रारंभ कर दिया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह तथा सी.एस.ई.बी.चौक के बीच में स्थित ट्रगलनुमा स्थल काफी समय से अपने विकास सौदंर्यीकरण व जीर्णोद्धार की राह देख रहा था, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा उक्त स्थल का जीर्णोद्धार व सौदंर्यीकरण कर उसे यूथ जोन गार्डन का स्वरूप दिया गया है, रेलिंग, कारपेट–ग्रासिंग, पेड़ों और दीवाल पर थ्रीडी आर्ट, कल्चरल आर्ट की सुंदर चित्रकारी कर स्थल का सौदंर्यीकरण किया गया है, वहॉ पर पूर्व स्थापित वाटर ए.टी.एम. की मरम्मत व सुधार का कार्य भी कराया गया है, स्थल पर डेकोरेटिव लाईट्स भी लगाई गई है, जो रात्रि के समय स्थल की सुंदरता और अधिक बढ़ा देती है।

मिलेगी फ्री वाईफाई की सुविधा – निगम द्वारा उक्त यूथ जोन में फ्री वाईफाई की सुविधा भी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी तथा युवा व आमजन फ्री इंटरनेट सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। लगभग 15 हजार वर्गफुट में विकसित उक्त यूथ जोन में नागरिकों के बैठने के लिए सिटिंग बेंच भी स्थापित की जाएंगी। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन सुविधाओं की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी शीघ्र कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है।

लोगों की मिल रही सकारात्मक प्रतिकिया – शहर के पं.रविशंकर शुक्ल नगर निवासी श्री रवि कुमार जायसवाल ने इस पर अपनी प्रतिकिया देते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा इस स्थल का सौदंर्यीकरण किए जाने से स्थल की सुंदरता बढ़ी है, दीवालों व पेड़ों पर पेंटिंग व सुंदर लाईटिंग लगाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया है, उक्त स्थल के आसपास कबाड गाड़ियॉ खड़ी रहती थी, उन्हें भी हटाया गया है, निश्चित रूप से निगम का यह सराहनीय कार्य है। इसी प्रकार पम्प हाउस कोरबा निवासी श्री रामकुमार साहू ने कहा कि यह स्थल उपेक्षित था, यहॉ के सौदंर्यीकरण व जीर्णोद्धार की आवश्यकता थी, निगम ने इसे सुंदर स्वरूप देते हुए यूथ जोन गार्डन के रूप में बनाया है, आकर्षक स्वरूप दिया गया है, जिसके लिए मैं निगम को धन्यवाद देता हूॅ।

हर जगह हो रहा सुधार – हाउसिंग बोर्ड कालोनी बालको में रहने वाले श्री हरजीत सिंह राणा कहते है कि पिछले कुछ समय से शहर में बहुत परिवर्तन दिखाई दे रहा है, हर जगह सुधार देखने को मिल रहा है, मैं जब भी बालको से कोरबा आता हूॅ, तो कुछ न कुछ नया देखने को मिलता है, साफ–सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर हुई है, सौदंर्यीकरण की दिशा में निगम अच्छा कार्य कर रहा है, जिसके लिए मैं निगम प्रशासन को बधाई व धन्यवाद देता हूॅ।